## अध्याय 14 बहुलवादी तथा असमान समाज में राज्य की भूमिका

**[ROLE OF THE STATE IN A PLURAL AND UNEQUAL SOCIETY]**

**(क) एकल-विकल्पीय प्रश्न**

1. जो राज्य स्वतन्त्र रूप से अपने कानूनों और नीतियों को लागू करता है तथा उसे दूसरे देशों के द्वारा भी मान्यता दी जाती है, उस राज्य को कहा जाता है—

(अ) संसदीय राज्य (ब) प्रभुतासम्पन्न राज्य

(स) लोकतान्त्रिक राज्य (द) स्वतन्त्र राज्य

Scanned with CamScanner

2. भारत में केन्द्र शासित प्रदेशों को छोड़कर कुल प्रदेशों की संख्या है—
(अ) 26 (ब) 28 (स) 30 (द) 32

3. निम्नांकित में से कौन-सा एक तत्व राज्य के निर्माण का आधारभूत तत्व नहीं है?
(अ) ग्रामीण जनसंख्या (ब) निश्चित भू-भाग
(स) सरकार (द) प्रभुसत्ता

4. भारत में संसद दो सदनों में विभाजित है, पहले सदन का नाम लोकसभा है जबकि दूसरे का नाम है—
(अ) विधानसभा (ब) विधान परिषद् (स) राज्यसभा (द) संसदीय सभा

5. भारत में भाषा के आधार पर राज्यों का पुनर्गठन किस वर्ष किया गया?
(अ) सन् 1965 (ब) सन् 1960 (स) सन् 1958 (द) सन् 1955
*(J.A.C., 2014)*

6. प्रजातन्त्र की विशेषता है—
(अ) कानून की दृष्टि में समानता (ब) सार्वभौमिक मताधिकार (स) प्रेस की स्वतन्त्रता (द) इनमें से सभी
*(J.A.C., 2012; B.S.E.B., 2013)*

7. सूचना अधिकार अधिनियम (RTI) पारित किया गया :
(अ) 8 जून, 2002 (ब) 15 जून, 2005 (स) 5 जून, 2004 (द) 10 जून, 2007

[उत्तर—1. (ब), 2. (स), 3. (अ), 4. (स), 5. (द), 6. (द), 7. (ब)]

## (ख) बहुविकल्पीय प्रश्न

**निर्देश**—निम्नांकित प्रश्नों में दो या अधिक विकल्प सही हो सकते हैं। आप सभी सही विकल्पों को चुनिये—

1. भारत में राज्य के समक्ष कौन-सी आन्तरिक चुनौतियाँ हैं?
(अ) विदेशी कूटनीति (ब) भ्रष्टाचार
(स) आन्दोलनकारी प्रवृत्तियाँ (द) सजातीयता

2. वर्तमान भारत में राज्य के आधार हैं?
(अ) संघीय संरचना (ब) संघवाद
(स) सर्वोच्च न्यायालय (द) बहुदलीय प्रणाली

3. संविधान के प्रावधानों के अनुसार भारत सरकार द्वारा क्या प्रयत्न किये गए?
(अ) स्वतन्त्रता तथा समानता की स्थापना (ब) पूर्ण साक्षरता के लक्ष्य की प्राप्ति
(स) सामाजिक विषमताओं का समाधान (द) वंचित वर्गों की दशा में सुधार

4. भारत के संविधान द्वारा नागरिकों को कौन-सी स्वतन्त्रताएँ दी गयी हैं?
(अ) किसी भी तरह का संगठन बनाने की स्वतन्त्रता (ब) आर्थिक साधन प्राप्त करने की स्वतन्त्रता
(स) शोषण के विरुद्ध न्याय पाने की स्वतन्त्रता (द) विचारों की स्वतन्त्रता

[उत्तर—1. (ब), (स), (द), 2. (अ), (द), 3. (अ), (द), 4. (स), (द)।]

## (ग) निम्नांकित कथनों में रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए—

1. भारत में लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के लिए पहला आम चुनाव सन् .......... में हुआ।
2. संसदीय लोकतन्त्र के रूप में भारत की सर्वोच्च संस्था को .......... कहा जाता है।
3. ग्राम स्तर, खण्ड स्तर तथा जिला स्तर पर गठित की जाने वाली पंचायती व्यवस्था का नाम 'पंचायती .......... व्यवस्था' है।
4. स्वतन्त्रता से पहले भारत में ब्रिटिश शासन को .......... शासन कहा जाता है।
5. भारत में संविधान के नीति निदेशक सिद्धान्तों के तीन मुख्य आधार हैं। इन्हें हम न्याय, स्वतन्त्रता तथा .......... कहते हैं।

[उत्तर—1. 1951, 2. संसद, 3. राज, 4. उपनिवेशवादी, 5. समानता।]

## (घ) निम्नांकित में से सत्य तथा असत्य कथन का चयन कीजिए—

1. ब्रिटिश शासन के अन्तर्गत भारत पहली बार एक प्रभुतासम्पन्न राज्य बना।
2. भारत की राजनीतिक संरचना को ग्रामीण राजनीतिक संरचना कहा जाता है।
3. लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण का अर्थ राज्यों को समुचित अधिकार और शक्तियाँ देना है।
4. सरकार संविधान, व्यवस्थापिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के माध्यम से राज्य में व्यवस्था स्थापित करती है।
5. भारत में बहुदलीय राजनीतिक प्रणाली को अपनाया गया है।

[उत्तर—1. असत्य, 2. असत्य, 3. असत्य, 4. सत्य, 5. सत्य]

Scanned with CamScanner

(च) निम्नांकित के बीच सही जोड़े बनाए—

| घटना | वर्ष |
|---|---|
| (अ) पहला आम चुनाव | 1. सन् 1947 |
| (ब) भारत का विभाजन | 2. सन् 1924 |
| (स) भाषा के आधार पर राज्यों का पुनर्गठन | 3. सन् 1951 |
| (द) कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया की स्थापना | 4. सन् 1955 |

[उत्तर—(अ)/3, (ब)/1, (स)/4, (द)/2]

Scanned with CamScanner